उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
"वाणिज्य एवं ऊर्जा लेखा" शक्ति भवन विस्तार,
चतुर्थ तल, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।
फोन नं0 : 0522-22878696

पत्रांक संख्या : मु0अभि0 (वाणिज्य-II)/रेड इकाई/डिस्काम, दिनांक : /09/2018

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यॉचल/पूर्वान्चल/पश्चिमॉचल/दक्षिणॉचल
विद्युत वितरण निगम लि0,
लखनऊ/वाराणसी/मेरठ/आगरा।

प्रबन्ध निदेशक,
केस्को,
कानपुर।

महत्वपूर्ण

विषयः- प्रवर्तन दलों के संचालन हेतु सहयोगी स्टाफ एवं अन्य संसाधनो की उपलब्धता कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में विद्युत चोरी रोकने हेतु कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिनांक 05.09.2018 को सम्पन्न बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) द्वारा अवगत कराया गया कि 20 नव गठित प्रवर्तन दलों हेतु अवर अभियन्ता एवं कार्यालय/वाहन आदि में से सभी संसाधनो की उपलब्धता न होने (सूची संलग्न **'क'** के अनुसार) के कारण कई नये प्रवर्तन दलों को क्रियाशील करने में कठिनाई हो रही है।

आप अवगत है कि वर्तमान में सतर्कता स्कन्ध के नियन्त्रणाधीन कार्यरत 53 प्रवर्तन दलों के माध्यम से विभिन्न वितरण क्षेत्रों में सघन रूप से रेड की कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। इस सम्बन्ध में कार्यालय ज्ञाप संख्या-575-मु0अभि0 (वाणिज्य-2)/रेड इकाई/का0ज्ञा0, दिनांक 10.09.2018 द्वारा प्रवर्तन दलों की संयुक्त टीमें गठित कर चिन्हित 17 शहरों में कार्ययोजना तैयार कर प्रत्येक सप्ताह के तीन दिन सघन रूप से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

उपर्युक्त सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने वितरण निगम के नियन्त्रणाधीन कार्यरत सतर्कता स्कन्ध के सभी प्रवर्तन दलों (नव गठित प्रवर्तन दलों को शामिल करते हुए) हेतु अवर अभियन्ताओं की तैनाती सुनिश्चित करते हुए कार्यालय, वाहन, लैपटाप आदि अन्य आवश्यक संसाघन भी उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारीयों को आदेशित करने का कष्ट करें।

कृपया उपर्युक्त सम्बन्ध में अपने वितरण निगम से सम्बन्धित विवरण की अद्यतन स्थिति से कारपोरेशन मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः यथोपरि।**

भवदीय,

**(ए0के0 श्रीवास्तव)**
निदेशक (वाणिज्य)

पत्रांकः 599/मु0अभि0(वाणिज्य-II)/तददिनांकः 17/09/2018

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अध्यक्ष महोदय के निजी सचिव/स्टाफ आफिसर, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. निदेशक (कार्मिक प्रबन्धन एवं प्रशासन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

5. निदेशक (वाणिज्य)/(कार्मिक), पूर्वांचल/मध्यांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/मेरठ/आगरा, एवं केस्को, कानपुर।
6. मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य–द्वितीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण), पूर्वांचल/मध्यांचल/पश्चिमांचल/दक्षिणांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ/मेरठ/आगरा, एवं केस्को, कानपुर।

<u>**संलग्नकः यथोपरि।**</u>

**(ए0के0 श्रीवास्तव)**
निदेशक (वाणिज्य)

संलग्नक: "क"

# नवगठित प्रवर्तन दलों में उपलब्ध संसाधनों का वितरण

| क्र0सं0 | वितरण निगम | नवगठित प्रवर्तन दल का नाम | अवर अभियन्ता | कार्यालय | वाहन | लैपटाप आदि अन्य उपकरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 | प्रतापगढ़ | है | है | है | नहीं |
| | | गजीपुर | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | मीरजापुर | है | है | है | है |
| | | मऊ | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | सिद्धार्थनगर | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | देवरिया | है | है | नहीं | नहीं |
| 2. | मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 | लेसा–तृतीय | है | है | है | नहीं |
| | | बाराबंकी | है | है | है | है |
| | | लखीमपुर खीरी | नहीं | है | नहीं | नहीं |
| | | सुल्तानपुर | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | गोण्डा | है | है | नहीं | है |
| | | बहराईच | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | शाहजहांपुर | है | नहीं | नहीं | नहीं |
| 3. | दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 | इटावा | है | है | है | है |
| | | कन्नौज | नहीं | है | है | नहीं |
| | | महोबा | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | जालौन | नहीं | नहीं | नहीं | नहीं |
| | | एटा | है | है | है | है |
| 4. | पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 | अमरोहा | है | है | है | नहीं |